सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-103
24/02/2018

जदयू नेता एवं राज्य मछुआरा आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष कुमार मणिभूषण निषाद उर्फ राजू निषाद की सड़क हादसे में निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवदेना व्यक्त की

पटना, 24 फरवरी 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जदयू नेता एवं राज्य मछुआरा आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष कुमार मणिभूषण निषाद उर्फ राजू निषाद की सड़क हादसे में निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक प्रख्यात सामाजसेवी एवं राजनेता थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में अपूरणीय क्षति हुयी है। वे मजफ्फरपुर जिला के निवासी थे।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, प्रशंसकों एवं अनुयाइयों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******